>

Title: Need to provide houses under Sukhi Griha Scheme of Railways to people living in Jhuggis along railway lines in Mumbai South Central Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): मैं सरकार का ध्यान रेल मंत्रालय के 2011–12 के रेल बजट की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें सरकार ने सुखी गृह योजना आरंभ किया था इस योजना का मुख्य उद्देश्य मुंबई एवं अन्य शहरों में गरीबी के कारण जो लोग रेल लाइनों के नजदीक रहते हैं और कठिन परिस्थितियों में रहते हैं, उन्हें इस परियोजना के तहत छोटे आवास मुहैया करना है।

बजट में हुई घोषणा को पांच माह से भी अधिक का समय हो गया है, लेकिन मुंबई में आज तक इस परियोजना पर कोई कार्य नहीं किया गया। महोदया, हाल ही में मेरे संसदीय क्षेत्र दादर, माटुंगा की 40 से 50 साल पुरानी झुग्गी झोपड़ियां जो रेल लाइन के नजदीक थी, को बुल्डोजर द्वारा नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में मैंने रेल प्रशासन को कई बार अवगत कराया, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

अतः सरकार से यह निवेदन करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सुखी गृह योजना को तुंत लागू किया जाये और जिन गरीब लोगों की झुग्गी झोपड़ियां तोड़ दी गई हैं उन्हें इस योजना के अंतर्गत आवास मुहैया कराया जाए।